अतिरिक्त भाषा या बोली के तौर पर अंग्रेज़ी सीखने वाले विद्यार्थियों के लिए लिखित रिपोर्टें

माता-पिता और देखरेखकर्ताओं के लिए जानकारी

प्रिय माता-पिता और देखरेखकर्ता

आपको आपकी संतान के स्कूल से प्रत्येक वर्ष दो रिपोर्टें मिलती हैं। ये रिपोर्टें आपको यह समझने में मदद देंगी कि आपकी संतान कैसे प्रगति कर रही है और आपका स्कूल आपकी संतान की शिक्षा-प्राप्ति में कैसे समर्थन दे रहा है। यह रिपोर्ट सभी विषयों में आपकी संतान की प्रगति को दर्शाएगी।

अतिरिक्त भाषा या बोली के तौर पर अंग्रेज़ी (English as an additional language or dialect (EAL/D)) सीखने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए रिपोर्टें

यदि आपकी संतान एकअतिरिक्त भाषा या बोली के तौर पर अंग्रेज़ी सीख रही है, तो इस रिपोर्ट में अंग्रेज़ी भाषा सीखने में आपकी संतान की प्रगति और अंग्रेज़ी भाषा में उसकी दक्षता की वर्तमान अवस्था दर्शाई जाएगी। इन अवस्थाओं में प्रारम्भिक (beginning), उभरती (emerging), विकासशील (developing) या समेकित (consolidating) स्थितियाँ शामिल हैं। इन स्थितियों के विवरण के लिए इस पृष्ठ के पीछे देखें।

EAL/D कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए रिपोर्टें

यदि आपकी संतान EAL/D कार्यक्रम में भाग ले रही है तो उसे EAL/D अध्यापक से एक अतिरिक्त लिखित रिपोर्ट मिलेगी जिसमें अंग्रेज़ी सीखने में उसकी प्रगति के बारे में जानकारी शामिल होगी।

नए आए EAL/D विद्यार्थियों के लिए रिपोर्टें

यदि आपकी संतान EAL/D कार्यक्रम में भाग ले रही है और यदि उसने चार सत्रों या इससे कम अवधि के लिए एक ऑस्ट्रेलियाई स्कूल में पढ़ाई कर ली है, तो आपकी संतान की लिखित रिपोर्ट में अंग्रेज़ी सीखने में उसकी प्रगति के बारे में जानकारी के साथ-साथ पढ़ाई के अन्य विषयों में उसकी प्रगति से सम्बन्धित जानकारी ग्रेड के बजाए टिप्पणी के रूप में शामिल होगी।

इंटेसिव इंग्लिश सेंटर या इंटेसिव इंग्लिश हाइ स्कूल में नए आए EAL/D विद्यार्थियों के लिए रिपोर्टें

यदि आपकी संतान किसी इंटेसिव इंग्लिश सेंटर या इंटेसिव इंग्लिश हाइ स्कूल में भर्ती है, तो आपको अंग्रेज़ी सीखने मेंउसकी प्रगति के बारे में एक लिखित रिपोर्ट मिलेगी। इसके अतिरिक्त इस रिपोर्ट में हाइ स्कूल की तैयारी करने के लिए अध्ययन किए गए सभी विषयों में प्रगति दर्शाई जाएगी।

अंग्रेज़ी भाषा दक्षता स्थितियाँ	
प्रारम्भिक (Beginning)	प्रारम्भिक स्थिति में विद्यार्थी अंग्रेज़ी सीखना शुरू कर रहे होते हैं। वे अंग्रेज़ी के अलावा एक या एक से अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं और अपनी प्राथमिक भाषा की लिखित साक्षरता में वे एक आयु-उपयुक्त स्तर पर हो सकते हैं। ये विद्यार्थी पाठ्यक्रम के सामान्य भाषा के कार्यों में भाग लेना शुरू कर रहे होते हैं।
उभरती (Emerging)	उभरती स्थिति में विद्यार्थियों में अंग्रेज़ी भाषा से सम्बन्धित ज्ञान बढ़ रहा होता है। ये विद्यार्थी सामान्य अंग्रेज़ी सहित एक या एक से अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं, और उनका लिखित अंग्रेज़ी का ज्ञान बढ़ रहा होता है। ये विद्यार्थी कक्षा की गतिविधियों में भाग लेने और उपयुक्त भाषा शिक्षण तथा अतिरिक्त समय प्रदान किए जाने पर शिक्षण में भाग लेने में सक्षम होते हैं ताकि वे कक्षा की गतिविधियाँ पूरी कर सकें।
विकासशील (Developing)	विकासशील स्थिति में विद्यार्थी कार्यात्मक अंग्रेज़ी सहित एक या एक से अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं, और लिखित अंग्रेज़ी में उनका ज्ञान विकसित हो रहा होता है। ये विद्यार्थी कक्षा और स्कूल के नियमित कार्यों में सक्रिय रूप में भाग लेते हैं, और शिक्षण कार्यों में अपनी संवृद्ध होती हुई सफलता के साथ भाग लेने में सक्षम होते हैं। उनकी प्राथमिक भाषा उनके लिए एक मूल्यवान समर्थन के रूप में बनी रहती है और साथ-ही-साथ वे अंग्रेज़ी व्याकरण पर नियंत्रण का विकास और अपनी शब्दावली का निर्माण कर रहे होते हैं।
समेकित (Consolidating)	समेकित स्थिति में विद्यार्थी अंग्रेज़ी के साथ-साथ एक या एक से अधिक भाषाएँ बोल सकते हैं, और उन्हें लिखित अंग्रेज़ी का बहुत अच्छा ज्ञान होता है। ये विद्यार्थी कक्षा और स्कूल के नियमित कार्यक्रमों में स्वतंत्र रूप से भाग लेते हैं, और अपने शिक्षण में अंग्रेज़ी का प्रयोग करने की उनकी क्षमता सामान्य सफलता के साथ अधिक संवृद्ध होती है। वे अनेकानेक उद्देश्यों के लिए बोले जाने वाले और लिखित टेक्स्ट (पाठ) समझते हैं और बना सकते हैं, परन्तु उन्हें अभी भी विषयों के अध्ययन में अकादमिक भाषा के बढ़ने के साथ-साथ EAL/D विद्यार्थियों को समर्थन देने वाले केंद्रित भाषा शिक्षण और कार्यनीतियों की ज़रूरत होती है।

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया स्कूल से संपर्क करें। यदि स्कूल से संपर्क करने में आपकी सहायता करने के लिए आपको किसी दुभाषिए की ज़रूरत है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा (TIS) को 131 450 पर फोन करें और अपनी भाषा में किसी दुभाषिए के लिए निवेदन करें। दुभाषिया स्कूल को फोन करेगा और बात करने में सहायता के लिए लाइन पर बना रहेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।